## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत में हाला मोदी कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा– कुशल प्रतिभाओं की दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए तैयार है भारत।
2. वस्तु और सेवा कर परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी दर घटाकर 5 प्रतिशत करने की घोषणा की, झारखंड के वित्त मंत्री ने पहले से मिल रही मुआवजा राशि को राज्य में जारी रखने की मांग की।
3. चाईबासा में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के डीजी ने की बैठक, झारखंड को तीन माह के अंदर नक्सल मुक्त करने की रणनीति तैयार ।
4. रांची, खूंटी समेत राज्य के 15 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी, मौसम विभाग ने सतर्कता बरतने की दी सलाह।
5. जयपुर में चल रहे बीसीसीआइ अंडर – 23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड ने ओडिशा को आठ विकेट से हराया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। कुवैत के शेख साद अल–अब्दुल्ला इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित हाला मोदी कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए श्रीमोदी ने कुवैत की प्रगति में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत के पास वह कौशल, प्रौद्योगिकी, नवाचार और जनशक्ति है जिसकी नए कुवैत को जरूरत है। श्री मोदी ने कहा कि भारत कुशल प्रतिभाओं की दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए तैयार है।

भारत को विश्वबंधु के रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने वित्तीय समावेशन, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी में देश की प्रगति को रेखांकित किया।

श्रीमोदी ने भारत के स्किल्ड यूथ पर जोर देते हुए कहा कि आनेवाले कई वर्षों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश रहनेवाला है।

*******************

राजस्थान के जैसलमेर में वस्तु एवं सेवा कर परिषद की 55वीं बैठक संपन्न हुई, जिसमें वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े कई फैसले लिए गए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, वित्त मंत्रियों और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती सीतारामन ने कहा कि जीएसटी परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर कर की दर को घटाकर पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है और पहले से पैकेट बंद तथा लेबल वाली वस्तुओं की परिभाषा में संशोधन की सिफारिश की है।
श्रीमती सीतारामन ने कहा कि जीन–थेरेपी को जीएसटी से छूट दी गई है।

*******************

जीएसटी परिषद की बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अगले पांच वर्षों तक जीएसटी के तहत मिलनेवाली मुआवजा राशि का भुगतान झारखंड को जारी रखने की मांग की है। श्रीकिशोर ने पांच वर्षों में केंद्रीय अनुदान की राशि में कमी का मामला भी उठाया। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री से आग्रह किया कि इसे पूर्व की तरह बढ़ाने की जरूरत है।

*******************

सुरक्षा एजेंसियों ने झारखंड को अगले तीन महीने के अंदर नक्सल मुक्त करने की रणनीति तैयार की है। इसे लेकर चाईबासा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह और झारखंड

पुलिस के महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने सीआरपीएफ और पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जल्द ही सारंडा समेत राज्य के अन्य नक्सल प्रभावित इलाकों में बड़ा अभियान शुरू किया जायेगा। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने तैयारियों की जानकारी दी।

*******************

लोहरदगा व्यवहार न्यायालय परिसर में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

*******************

झारखंड प्रदेश भाजपा की ओऱ से आज सदस्यता अभियान संगठन महापर्व की शुरुआत की जा रही है। भाजपा संगठन महापर्व के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि संगठन महापर्व का लक्ष्य सर्वव्यापी और सर्व समावेशी भाजपा का निर्माण है।

*******************

सरायकेला के टाउन हॉल में दो दिवसीय 11वीं नेशनल हो यूथ मीट–दोकोल की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में हो समुदाय के सांस्कृतिक, सामाजिक, नैतिक, संस्कृत और आर्थिक विकास को लेकर मंथन हुआ।

*******************

रांची, खूंटी समेत राज्य के 15 जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बादल छाये रहने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने तापमान में उतार–चढ़ाव को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

*******************

जयपुर में चल रहे बीसीसीआइ अंडर – 23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड ने ओडिशा को आठ विकेट से हरा दिया है। इस मैच में ओडिशा ने पहले खेलते हुए 40 ओवर दो गेंद में 159 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी झारखंड की टीम ने 23 ओवर पांच गेंद पर दो विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाकर मैच जीत लिया।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने जीएसटी काउंसिल की बैठक और मौसम की खबर को प्रमुखता दी है।

प्रभात खबर लिखता है– जीएसटी काउंसिल की बैठक खत्म, फोर्टिफाइड चावल हुआ सस्ता, बीमा पर कर कटौती फिलहाल नहीं।

हिंदुस्तान ने राज्य के वित्त मंत्री राधा कृषण किशोर के हवाले से लिखा है– मुआवजा मद में बकाया 524 करोड़ रुपये दे केंद्र।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– जीएसटी मुआवजा मिलने की अवधि पांच वर्ष तक के लिए बढ़ायी जाए।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी जीएसटी काउंसिल की बैठक की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने राज्य में घने कोहरे को लेकर जारी अलर्ट की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार द हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुवैत दौरे की खबर को पहले पन्न की सुर्खी बनाई है।

***************